ए

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-566
18/11/2017

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारी बटुकेश्वर दत्त की जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री ने उन्हें भावभिनी श्रद्धांजलि दी

पटना, 18 नवम्बर 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारी बटुकेश्वर दत्त की जयंती के मौके पर उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

बिहार विधानमंडल के समक्ष शहीद स्मारक एवं भिखारी ठाकुर पुल के बीच में स्थित स्व0 बटुकेश्वर दत्त की प्रतिमा स्थल पर आयोजित राजकीय समारोह में मुख्यमंत्री के अलावा बिहार विधान परिषद के पूर्व सभापति श्री अवधेश नारायण सिंह, उप सभापति श्री हरून रशीद, स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पाण्डेय, पथ निर्माण मंत्री श्री नन्द किशोर यादव, पूर्व मंत्री श्री पी0के0 शाही, विधान पार्षद श्री नीरज कुमार, विधान पार्षद श्री संजय सिंह सहित अन्य कई गणमान्य लोगों ने बटुकेश्वर दत्त की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

सभा स्थल पर कलाकारों द्वारा भजन–कीर्तन किया गया।

******